Respected Divine Brother / Sister Om Shanti

देहरादून। दिनांक 6 जनवरी 2019। प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय देहरादून की मुख्य शाखा सुभाष नगर में 'वैश्विक ज्ञानोदय द्वारा स्वर्णिम युग' शीर्षक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम बहन बेबी रानी मौर्य जी, (राज्यपाल, उत्तराखण्ड) ने कहा कि विश्व बंधुत्व और सद्भाव बढ़ाने के लिये 'बहनों और भाइयों का संम्बोधन बहुत ही सराहनीय है। जाति भेद मिटाने की पहल ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय को करनी चाहिये। जैसा बोयेंगे, वैसा काटेंगे। गीता ज्ञान भी मानवता का पाठ पढ़ाता है। इश्वर का तरीका है। ब्रहमाकुमारी संस्थान की वैष्विक उपस्थिति इस सत्य ज्ञान के द्वारा मानवता और सत्धर्म की जो सेवा कर रहा है, वह बहुत प्रशंसनीय है।

विषिश्ट अतिथि (संस्कृत विद्वान) डॉ. बुद्धदेव शर्मा जी ने कहा कि ज्ञान वह जो चरित्र का निर्माण करे, जो शाश्वत और सार्वभौमिक हो, जो आत्मा को सुख दे। किंतु उसके लिए निरंतर अभ्यास करना पड़ेगा। तन रथ है, बुद्धि सारथी है। इन्द्रियों के सुख में सच्चा सुख नहीं है। सिद्धांत बनाने से कुछ नहीं होगा - आचरण चाहिये। ऐसे ज्ञान, अभ्यास और वैराग्य से स्वर्णिम संसार आ सकता है।

ब्रहमाकुमारी मंजू बहन जी ने आशीर्वचन देते हुये कहा कि यदि हम ये सोच रखें कि हम जैसे कर्म करेंगे, वैसा फल हमें अवश्य मिलेगा, तो भी हमारे जीवन में परिवर्तन आ जायेगा और यह संसार स्वर्णिम बन जायेगा।

ब्रहमाकुमारी मीना बहन जी ने कहा कि अपनी सच्ची पहचान है आत्म स्वरूप। आत्मा के सत्य ज्ञान, गुण, शक्तियों को जानकर ही हम स्व परिवर्तन कर सकते हैं। राजयोग अभ्यास से हमारे अंदर स्व परिवर्तन की दृढ़ता और शक्ति आती है।

कार्यक्रम में ब्रहमाकुमारी आरती बहन जी ने ईश्वर के सत्यम् - शिवम् - सुंदरम् की महिमा याद दिलाते हुये कहा कि सत्य ज्ञान सत्य ईश्वर से ही मिलता है ।जो आत्मा, परमात्मा और सृष्टि की सही पहचान देते हैं। जिससे ही विश्व में स्वर्णिम युग आता है।
कार्यक्रम के आरम्भ में ब्रहमाकुमारी आरती बहन जी ने सभा को राजयोग अभ्यास में गहन शांति का अनुभव कराया। दीप-प्रज्ज्चलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मंच संचालन कार्यक्रम के आरम्भ में ब्रहमाकुमार शुशील भाई जी ने किया।
सभा में बड़ी संख्या में भाई-बहन मौजूद थे जिन्हें नव वर्ष की कोटि-कोटि बधाई दी गई।

Photo Caption-Deep Prajjwalan1-दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए माननीया बहन बेबी रानी मोर्य जी (महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड), डॉ. बुद्ध देव शर्मा जी (संस्कृत स्कॉलर) साथ मे बी.के मन्जू, बी.के मीना बी.के आरती ,

Deep Prajjwalan3-दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए माननीया बहन बेबी रानी मोर्य जी (महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड), डॉ. बुद्ध देव शर्मा जी (संस्कृत स्कॉलर) साथ मे बी.के मन्जू, बी.के मीना बी.के आरती ,
saugat Governor-माननीया बहन बेबी रानी मोर्य जी (महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड) को ईश्वरीय सौगात देते हुए बी.के मन्जू|

ईश्वरीय सेवा मे
बी.के मन्जू